Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 30 / 06 / 2022

प्रकाशनार्थ

**नॉन मोटराइज्ड व्हीकल डे पर साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया कुलपति प्रो राजेश सिंह ने**

विवि के कर्मचारी भी हुए मुहिम में शामिल

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में जून के आखिरी कार्यदिवस को नॉन मोटराइज्ड व्हीकल डे के रूप में मनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राजेश सिंह साईकिल चलाकर कुलपति आवास से प्रशासनिक भवन पहुंचे और विभागीय कार्यो को पूरा किया।

इस अवसर पर शिक्षकों एवं एनएसएस वॉलिंटियर्स के साथ कुलपति जी के पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में कर्मचारियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा उनसे साथ

साईकिल चला कर प्रशासनिक भवन पहुँचे।

बता दें कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत कुलपति प्रो सिंह के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय प्रशासन हर महीने के आखिरी कार्यदिवस को नॉन मोटराइज्ड व्हीकल डे के रूप में मनाता है।

कुलपति प्रो. सिंह का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन इस मुहिम से अपने विद्यार्थियों के साथ साथ शिक्षकों एवं कर्मचारियों को जोड़ने की पहल कर रहा है। इसे लेकर बाकायदा इन्वॉयरनमेंट क्लब का गठन भी किया गया है। पर्यावरण संरक्षण में कार्य करने वाले एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स के साथ सामान्य विद्यार्थियों को क्लब से जोड़ा जा रहा है।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur